दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

**मनपा ने मुलुंड में बर्ड पार्क बनाने के लिए निकाला 166 करोड़ का टेंडर...**



Page - 3

# मराठी मुंबई में प्रदर्शन नहीं करेंगे तो क्या सूरत -गुवाहाटी जाएंगे? -उद्धव ठाकरे

**ट्रैफिक की समस्या को लेकर प्रदर्शनकारियों की आलोचना पर भड़के गए शिवसेना यूबीटी प्रमुख**

मुंबई : मराठा क्रांति मोर्चा के कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल मुंबई के आजाद मैदान में ओबीसी आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे है। मुंबई में गणेशोत्सव के बीच सड़कों पर ट्रैफिक की समस्या को लेकर प्रदर्शनकारियों की आलोचना पर शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे भड़के गए हैं। शनिवार को उन्होंने कहा कि मराठी लोग अपने अधिकारों को लेकर मुंबई में प्रदर्शन नहीं करेंगे तो क्या वे सूरत और गुवाहाटी जाएंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा सरकार ने प्रदर्शकारियों को बुनियादी सुविधाएं देने के विफल रही। ठाकरे ने शिवसैनिकों से अपील की है कि वे प्रदर्शनकारियों के साथ खड़े हों और उनकी मदद करें। गौरतलब हो कि मुंबई पुलिस ने मनोज जरांगे पाटिल को आजाद मैदान प्रदर्शन करने की अनुमति को एक दिन और बढ़ा दिया है।





**यही हमारा महाराष्ट्र धर्म है...**

उद्धव ठाकरे ने मनोज जरांगे पाटिल की मांगों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के कोने-कोने से, हमारे मराठी भाई हजारों की संख्या में मुंबई में एकत्रित हुए हैं। वे बारिश, पानी और कीचड़ का सामना कर रहे हैं।

ठाकरे ने कहा कि वे अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सरकार उन्हें बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने में विफल रही है।ऐसे समय में मैं सभी शिवसैनिकों से अपील करता हूं कि वे एकजुट हों और इन भाइयों और बहनों को पानी, भोजन और शौचालय की सुविधा प्रदान करने के लिए अथक प्रयास करें। यही हमारा महाराष्ट्र धर्म है। तो वहीं दूसरी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के चीफ राज ठाकरे ने कहा है कि मराठा मोर्चा और आरक्षण से जुड़े सभी सवालों का जवाब सिर्फ एकनाथ शिंदे ही दे सकते हैं। एकनाथ शिंदे से पूछिए कि मनोज जरांगे वापस क्यों आए।

जब एकनाथ शिंदे आएं, तो उनसे पूछिए कि मुंबईकरों को कितनी तकलीफ हो रही है। एकनाथ शिंदे पिछली बार नवी मुंबई गए थे, उन्होंने उस समय समस्या का समाधान किया था, फिर वे वापस क्यों आए? इन सभी सवालों का जवाब एकनाथ शिंदे देंगे।

## मुंबई : साइबर सेल ने जलगांव से 1.25 करोड़ ठगने वाले दो लोगों को किया गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई पुलिस की साइबर सेल ने जलगांव से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने ठगों की मदद की, जिन्होंने एक 72 साल की महिला को ड्ढडिजिटल अरेस्टड्ढ करके करीब 1.25 करोड़ रुपये का चूना लगाया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी रोहित सोनार और हितेश पाटिल ने अपने बैंक खातों का इस्तेमाल ठगों को करने दिया, ताकि महिला से ठगे गए पैसे विदेशों में भेजे जा सकें। घटना 18 अगस्त की है। महिला को एक अनजान शख्स का फोन आया, जिसने खुद को ड्ढडीसीपी संजय अरोराड्ढ बताया। उसने महिला पर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया और कहा कि या तो वह पैसा दे, वरना उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। डरी-सहमी महिला ने अलग-अलग खातों में लगभग 1.25 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। लेकिन कुछ समय बाद जब कोई आधिकारिक जांच सामने नहीं आई तो महिला को ठगी का एहसास हुआ और उसने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। जांच में पता चला कि ठगे गए पैसों का एक हिस्सा रोहित सोनार के खाते में गया, जबकि हितेश पाटिल ने विदेश में बैठे साइबर ठगों को अपने बैंक खाते की जानकारी दी थी। दोनों को इस काम के लिए कमीशन भी मिला। फिलहाल मामले की आगे जांच की जा रही है।

## मुंबई : सड़कें जाम; प्रदर्शनकारियों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है;

### सीएसएमटी व बीएमसी भवन के बाहर सड़कों पर ट्रैफिक रुक गया

**मुंबई :** आजाद मैदान में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे के अनशन के दूसरे दिन हजारों मराठा प्रदर्शनकारियों ने दक्षिण मुंबई के ऐतिहासिक इलाके को ही अपना कैंप बना लिया। यहां सड़कें जाम हो गईं और प्रदर्शनकारियों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। कई जगहों पर लोगों ने नहाना, खाना बनाना और पारंपरिक नाच-गाने के जरिए अपना डेरा जमा लिया। शनिवार सुबह से ही भीड़ बढ़ती रही और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) व बीएमसी भवन के बाहर सड़कों पर ट्रैफिक रुक गया। आजाद मैदान के बाहर का रास्ता बंद कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों के वाहनों की लंबी कतारें सड़क के दोनों ओर खड़ी दिखीं। कुछ लोग खुले में टैंकरों और फव्वारों से नहाते नजर आए।



**भोजन सड़क पर, खिचड़ी का वितरण**

शुक्रवार रात प्रदर्शनकारियों को खुद सड़क पर ही खाना पकाना पड़ा। शनिवार को आयोजकों और बीएमसी की ओर से पके हुए खाने के पैकेट बांटे गए। खिचड़ी बांटते हुए कई कार्यकर्ता दिखे। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि जब तक मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिलता, वे मैदान नहीं छोड़ेंगे।

**नारेबाजी और सांस्कृतिक रंग**

हर थोड़ी देर में भगवा पटका पहने प्रदर्शनकारी नारे लगाते रहे। कई युवा सड़क पर ड्ढहलगीड्ढ की थाप पर नाचते नजर आए। कुछ प्रदर्शनकारी जहांगीर आर्ट गैलरी और गेटवे ऑफ इंडिया जैसे स्थलों तक पहुंचे और वहां भी नारेबाजी की। क्षेत्र की कई दुकानों और रेस्टोरेंट में भीड़ बढ़ गई।

## पालघर : ओवरहेड उपकरण में तकनीकी खराबी; ट्रेनों की आवाजाही दो घंटे से ज्यादा समय तक प्रभावित रही



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में बोईसर और वंगांव के बीच शनिवार शाम ओवरहेड उपकरण में तकनीकी खराबी आने से मुंबई से सूरत की ओर जाने वाली ट्रेनों की आवाजाही दो घंटे से ज्यादा समय तक प्रभावित रही। यह जानकारी पश्चिम रेलवे ने दी। इस घटना के कारण कुछ ट्रेनें रद्द और आंशिक रूप से रद्द करनी पड़ीं, जबकि कई लंबी दूरी की गाड़ियां देर से चलीं। जिले की आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि बोईसर और वंगांव के बीच रेलवे की हाई-टेंशन तार टूट गई थी। यात्रियों की परेशानी कम करने के लिए कदम ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम से तालमेल करके अतिरिक्त छह बसें चलाई गईं।

## संपादकीय...



### सहमति या असहमति...

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

विपक्ष शासित आठ राज्यों ने वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी की दो श्रेणियां तय किए जाने की घोषणा पर जिस तरह सहमति जताई और साथ ही कुछ शर्तें भी आगे रख दीं, उससे फिलहाल यह अनुमान लगाना कठिन है कि आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में क्या होगा? इन राज्यों की ओर से कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने जीएसटी की दो श्रेणियां करने पर कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों की ओर से अपनी तीन मांगें रखी हैं। अच्छा होता कि इस संदर्भ में संबंधित राज्य जीएसटी काउंसिल की बैठक में अपनी बात रखते। क्या जीएसटी के दो स्लैब को लेकर विपक्ष शासित राज्यों के राजनीतिक दल और विशेष रूप से कांग्रेस श्रेय लेने की राजनीति कर रही है अथवा यह दिखाना चाहती है कि वह हर मामले में विरोध जताना जारी रखेगी?

कहना कठिन है कि क्या पंजाब, केरल, पश्चिम बंगाल, झारखंड आदि राज्यों ने जीएसटी के मामले में कांग्रेस को अपना प्रतिनिधित्व सौंप दिया है? जो भी हो, इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस जीएसटी की दो श्रेणियों की पैरवी करती रही है। क्या तब उसे इसके परिणामों और खासकर राजस्व में फौरी कमी आने का भान नहीं था? जीएसटी को जब सभी दलों की ओर से संसद में सहमति मिली थी तो उसे आर्थिक सुधार के मामले में एक मील के पत्थर की तरह देखा गया था और पक्ष-विपक्ष के दलों के रवैये को सराहा गया था, लेकिन बाद में राहुल गांधी संकीर्ण राजनीतिक कारणों से जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बताने लगे। इससे इनकार नहीं कि जीएसटी में समय-समय पर अनेक बदलाव करने पड़े हैं और संभवतः उसकी दो श्रेणियां बनाए जाने के बाद भी यह सिलसिला कायम रहे, लेकिन आखिर ऐसा कौन सा कानून है, जिसमें समय के साथ कुछ फेरबदल करने की आवश्यकता नहीं होती? जीएसटी की दो ही श्रेणियां किया जाना समय की मांग है। बेहतर होता कि यह मांग और पहले पूरी हो जाती। अब तो इसमें बाधा नहीं खड़ी की जानी चाहिए। आर्थिक मामलों में दलगत राजनीतिक हितों से ऊपर उठने की आवश्यकता होती है।

इस आवश्यकता को क्षेत्रीय दलों को न सही, कम से कम कांग्रेस को तो समझना चाहिए और उसकी पूर्ति में सहायक भी बनना चाहिए। निश्चित रूप से सभी राज्यों को जीएसटी में सुधारों के मामले में अपने सुझाव देने और अपनी आशंका व्यक्त करने का अधिकार है, लेकिन इसके नाम पर अड़ंगा लगाने का काम नहीं किया जाना चाहिए। तब तो बिल्कुल भी नहीं किया जाना चाहिए, जब जीएसटी सुधारों से राष्ट्रीय हितों का संधान हो रहा हो और आम आदमी के साथ-साथ उद्योग जगत को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त इसके जरिये ट्रंप टैरिफ की चुनौती का सामना करने में भी आसानी होगी।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : 2 घंटे में मुंबई से अहमदाबाद;

## देश में 7,000 किलोमीटर तक हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन का) लंबा नेटवर्क बनाने का लक्ष्य




**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की साझेदारी से भारत में बड़े पैमाने पर बुलेट ट्रेन के विस्तार का ऐलान किया है। पीएम मोदी ने जापान में शुक्रवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) भारत और जापान के बीच एक प्रमुख परियोजना है। हमारा लक्ष्य कुछ वर्षों में इस पर यात्री सेवाएं शुरू करना है। इस दौरान उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के अतिरिक्त देश में 7,000 किलोमीटर तक हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन का) लंबा नेटवर्क बनाने का लक्ष्य है।

अगर आपको हम कहें कि आप केवल 2 घंटे में मुंबई से अहमदाबाद जा सकते हैं तो क्या आप हमारा भरोसा कर लीजिएगा? वैसे अब आपको कर लेना चाहिए. जापान से भारत में 'रफ्तार का सौदागर' आने वाला है. एक ऐसी बुलेट ट्रेन जो एक घंटे में 320 किलोमीटर भागती है. इन दोनों शहरों के बीच जापान की शिंकानसेन बुलेट ट्रेन को चलाने की प्लानिंग तो पुरानी है लेकिन अभी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जापान की यात्रा पर हैं, वहां यह बुलेट ट्रेन उनके एजेंडे में शामिल है. अपने जापान दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी ने बुलेट ट्रेन की सवारी की. जापान के पीएम शगिरो इशिदा के साथ पीएम मोदी ने बुलेट ट्रेन का सफर किया, जिसकी तस्वीरें सामने आई हैं.

उससे पहले भारतीय रेलवे और जापान की अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एजेंसी ने चार साल इस बात का अध्ययन किया था कि क्या इस बुलेट ट्रेन को भारत लाना चाहिए. दो साल बाद एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें जापान सॉफ्ट लोन के माध्यम से परियोजना का 80 प्रतिशत फंडिंग देने पर सहमत हुआ. हालांकि, अगले कुछ वर्षों में देरी हुई. लेकिन उसके बाद से निर्माण कार्य में तेजी आई है. पहला सेक्शन गुजरात में 2027 तक खुलना है और पूरी रूट 2028 तक चालू होने की उम्मीद है. दोनों शहरों के बीच की दूरी 508 किमी है और यह ट्रेन दो घंटे, सात मिनट में यह फासला पूरा करेगी.

माना जा रहा है कि पीएम मोदी और जापान के वर्तमान प्रधान मंत्री, शिगेरु इशिबा भारत में अन्य बुलेट ट्रेन परियोजनाओं की संभावना तलाश सकते हैं. 2009 में पांच अन्य हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर को भी शॉर्टलिस्ट किया गया था, जिनमें एक पुणे से अहमदाबाद और दूसरा दिल्ली से अमृतसर, वाया चंडीगढ़ शामिल था.

**बुलेट ट्रेन क्या होती हैं?**

बुलेट ट्रेन यानी रफ्तार का अलग लेवल. यह अन्य देशों में चलने वाले हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के समान ही है. शुरू में फ्रांस के साथ भारत ने शुरू में इस परियोजना के निर्माण पर विचार किया था. अभी चीन, साउथ कोरिया, तुर्की, स्पेन, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे देशों के पास ये सेवाएं हैं. कोई ट्रेन तभी 'बुलेट ट्रेन' कहलाएगी जब वह कम से कम 250+ किमी प्रति घंटे की गति से चले और उसके लिए अलग से पटरियां हों.

शिंकानसेन सीरिज की बुलेट ट्रेन

भारत की शुरू में योजना थी कि ई-5 शिंकानसेन सीरिज की ट्रेन खरीदी जाए. हालांकि, जब परियोजना में देरी हुई और इस बीच जापान में टेक्नोलॉजी में प्रगति हुई तो उसने भारत को अगली पीढ़ी की ई-10 सीरिज की बुलेट ट्रेन खरीदने का ऑफर दिया. इसका डिजाइन प्रसिद्ध सकुरा, या चेरी ब्लॉसम फूलों से प्रेरित है और इसमें कम से कम एक अपग्रेड शामिल है- ये ट्रेन भूकंप-रोधी है.


## मरम्मत कार्य के कारण रविवार को सुबह 10:55 बजे से दोपहर 3:55 बजे तक ब्लॉक



**मुंबई :** रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम और ओवरहेड तारों के रखरखाव और मरम्मत कार्य के कारण, मध्य रेलवे रविवार को सुबह 10:55 बजे से दोपहर 3:55 बजे तक ब्लॉक रखेगा। परिणामस्वरूप, ब्लॉक अवधि के दौरान उपनगरीय ट्रेनें चिंचपोकली और करी रोड स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी, जिससे चिंचपोकली के लालबागचा राजा और चिंतामणि जैसे लोकप्रिय पंडालों में गणपति दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी असुविधा होगी।

हजारों श्रद्धालु इन प्रमुख गणेश मंडलों तक पहुँचने के लिए चिंचपोकली और करी रोड स्टेशनों पर निर्भर रहते हैं, खासकर रविवार को, जब छुट्टी के कारण आमतौर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मेगा ब्लॉक के कारण इन प्रमुख स्टेशनों पर लोकल ट्रेनों के ठहराव रद्द होने से त्योहारी सीजन के दौरान गणेश भक्तों में निराशा और हताशा फैल गई है। दादर निवासी महेश चव्हाण ने कहा, ''यह रखरखाव कार्य ट्रेनों के सुरक्षित और कुशल संचालन के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन गणेशोत्सव के त्योहारों पर इसके प्रभाव के कारण समय की आलोचना हो रही है। कई भक्त अधिकारियों से त्योहारों के व्यस्त दिनों में ऐसे ब्लॉक के समय पर पुनर्विचार करने का आग्रह कर रहे हैं।''

## मनपा ने मुलुंड में बर्ड पार्क बनाने के लिए निकाला 166 करोड़ का टेंडर...



**मुंबई :** मनपा प्रशासन ने मुलुंड में एग्जॉटिक बर्ड पार्क' परियोजना के लिए टेंडर निकाला है। मनपा मुलुंड बार्ड पार्क के लिए 166 करोड़ खर्च करने का निणर्य लिया है। इस पार्क में दुनिया भर की दुर्लभ और विदेशी पक्षी प्रजातियों के लिए विश्व स्तरीय आवास तैयार करने की योजना है। इसमें मकाव, तोता, स्वान, टूकेन, शुतुरमुर्ग और मोर जैसी प्रजातियों को शामिल किया जाएगा। बर्ड पार्क के लिए स्थानीय विधायक मिहिर कोटेचा ने निरंतर प्रयास किया है। बता दें कि 110 साल पहले अंग्रेजों ने भायखला चिड़ियाघर बनाया था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में स्थापित होने वाला शहर में यह पहला पक्षी पार्क बनेगा। मनपा ने मुलुंड बर्ड पार्क में 18 दुर्लभ प्रजातियों के 206 पक्षियों से युक्त बनाया जाएगा। पार्क में वायर रोप मेश से बनी आधुनिक एवीएरी, कृत्रिम शिलाशिल्प, लैंडस्केप किए गए पैडॉक्स, जलाशय, पशु चिकित्सालय और क्वारंटाइन सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही इंटरप्रिटेशन सेंटर, बर्ड शो एरीना, सोलर पैनल, आधुनिक अग्नि सुरक्षा, एचवीएसी सिस्टम और व बायोमेट्रिक से स्मार्ट मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी होगी। अधिकारियों ने बताया कि यह बर्ड पार्क न केवल जनता के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा बल्कि संरक्षण और शैक्षणिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यहां अत्याधुनिक पशु चिकित्सा सेवाएं, पक्षियों के लिए जीवन सहायक प्रणाली, पर्यावरण अनुकूल रोशनी और वेंटिलेशन की भी व्यवस्था होगी। निविदा इंजीनियरिंग-प्रोक्योरमेंट-कंस्ट्रक्शन मॉडल पर आधारित है जिसमें डिजाइन और नक्शे मनपा द्वारा नियुक्त जू कंसल्टेंट ने तैयार किए हैं।

# मुंबई : नीता अंबानी ने एक हेल्थ केयर प्रोजेक्ट की घोषणा की...

## 2,000 बेड का मॉर्डन मेडिकल सिटी बनेगा

**मुंबई :** रिलायंस इंडस्ट्रीज की 48वीं सालाना जनरल मीटिंग में रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक नीता अंबानी ने एक हेल्थ केयर प्रोजेक्ट की घोषणा की. इसके तहत रिलायंस फाउंडेशन मुंबई के बीचों-बीच 2,000 बेड वाले एक मॉर्डन मेडिकल सिटी बना रहा है. नीता अंबानी ने बताया कि फाउंडेशन की ग्रामीण विकास पहलों ने इस साल 55,000 से अधिक गांवों में 15 लाख लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है.



नीता अंबानी ने कहा कि ग्रामीण विकास, शिक्षा, और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में रिलायंस फाउंडेशन की पहल देश के कोने-कोने तक पहुंच रही हैं. उन्होंने कहा, ''यह केवल एक अस्पताल नहीं होगा, बल्कि भारत में हेल्थकेयर इनोवेशन का एक नया हब बनेगा. यहां अक से डायग्नोसिस किया जाएगा. एडवांस मेडिकल टेक्नोलॉजी, भारत और दुनिया के बेहतरीन डॉक्टर मिलकर यहां इलाज के ऊंचे मानकों को पूरा करेंगे.'' उन्होंने कहा कि यहां एक मेडिकल कॉलेज भी बनाया जाएगा ताकि भविष्य के डॉक्टर तैयार किए जा सकें.

उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में मुंबई स्थित सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल ने 33 लाख मरीजों का इलाज किया है और इसे भारत के अग्रणी मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल का दर्जा दिया गया है. उन्होंने कहा, अस्पताल अब अपने काम का विस्तार करते हुए जीवन नाम का नया विंग शुरू कर रहा है. यह खास तौर पर कीमोथेरेपी और इम्यूनोथेरेपी के लिए होगा, जिसमें बच्चों के कैंसर इलाज (पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी) पर विशेष ध्यान दिया जाएगा.

नीता अंबानी ने इस बात पर जोर दिया कि हमारा मिशन केवल क्षमता का विस्तार करना नहीं है, बल्कि विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा को हर भारतीय के लिए सुलभ और किफायती बनाना है. उन्होंने बताया कि रिलायंस फाउंडेशन की ग्रामीण विकास पहलों ने इस साल 55,000 से अधिक गांवों में 15 लाख लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है. इसमें जल सुरक्षा, खेती, मुछुआरा समुदायों को सशक्त बनाना और महिलाओं-बच्चों को सहारा देना शामिल है. उन्होंने कहा, ''हमारा लक्ष्य भारत के हर कोने में 1 करोड़ से ज्यादा बच्चों तक विश्वस्तरीय शिक्षा पहुंचाना है. उन्होंने जोर देकर कहा कि खेलों में जीवन बदलने की शक्ति है. उन्होंने बताया कि अपने 'सभी के लिए शिक्षा और खेल' कार्यक्रम के जरिए रिलायंस फाउंडेशन अब तक 2.3 करोड़ से ज्यादा बच्चों तक पहुंच चुका है.

# मुंबई : गणपति उत्सव और मराठा आरक्षण आंदोलन को देखते हुए पुलिसकर्मियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द

**मुंबई :** गणपति उत्सव और मराठा आरक्षण आंदोलन को देखते हुए मुंबई पुलिस ने बड़ा फैसला लिया है। मुंबई पुलिस के लोकल आर्म्स विभाग में तैनात सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। पुलिस बल पर बढ़ते दबाव और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया गया है। मुंबई पुलिस के सशस्त्र बल नायगांव (लोकल आर्म्स डिवीजन) के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक द्वारा एक आधिकारिक पत्र जारी कर यह जानकारी दी गई है। आदेश में साफ कहा गया है कि जो पुलिसकर्मी चिकित्सीय अवकाश, अर्जित अवकाश, साधारण अवकाश या किसी भी कारण से गैरहाजिर हैं, उन्हें तुरंत ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं।



### हालातों को देखते हुए छुट्टियां हुई रद्द

राज्यभर में गणपति उत्सव की धूम के साथ-साथ मराठा आरक्षण आंदोलन भी तेज होता जा रहा है। हजारों की संख्या में मराठा समाज के लोग मुंबई की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में महानगर में कानून और व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गई है। इस हालात को देखते हुए पुलिस बल पर भारी दबाव बढ़ गया है। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी पहले से ही लंबे समय तक काम कर रहे हैं और अब अतिरिक्त भीड़, रैलियों और जुलूसों के कारण पुलिस की संख्या बढ़ाना आवश्यक है, इसीलिए वरिष्ठ अधिकारियों ने फैसला लिया है कि फिलहाल किसी भी पुलिसकर्मी को छुट्टी नहीं दी जाएगी।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

पुलिस विभाग के अनुसार, यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक गणेशोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न नहीं हो जाता और मराठा आंदोलन से जुड़ी स्थिति सामान्य नहीं हो जाती। आदेश में कहा गया है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है, और जरूरत पड़ने पर और सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। गौरतलब है कि मुंबई में गणेशोत्सव के दौरान भारी संख्या में लोग सार्वजनिक पंडालों और झांकियों में शामिल होते हैं। इसके साथ ही मराठा आरक्षण को लेकर चल रहे आंदोलनों के कारण बड़े प्रदर्शन और सभाएं भी हो रही हैं। मुंबई पुलिस ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मियों से संपर्क कर उन्हें शीघ्र ड्यूटी पर बुलाएं ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहे।

# मुंबई : पिछले साल हुई मारपीट का मामला फिर से सुर्खियों में;

## महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया

**मुंबई :** एक ओला ड्राइवर के साथ पिछले साल हुई मारपीट का मामला फिर से सुर्खियों में है। 24 वर्षीय पीड़ित ड्राइवर पर पार्क साइट इलाके में ऑडी कार मालिक ने कथित रूप से जानलेवा हमला किया था। हमले के परिणामस्वरूप उसकी रीढ़ की हड्डी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई और वह अब सामान्य जीवन जीने में असमर्थ है। ड्राइवर की स्थिति इतनी गंभीर है कि वह बिस्तर से उठ नहीं पा रहा है और न ही पहले की तरह काम कर सकता है। परिवार की आर्थिक स्थिति भी गंभीर रूप से प्रभावित हुई है, क्योंकि घर की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। घटना के समय पूरी घटना सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई थी और गवाह भी मौजूद थे। इसके बावजूद पार्क साइट पुलिस थाने के एक अधिकारी ने इसे ''गुस्से में की गई हरकत'' बताकर मामले को हल्का करने की कोशिश की।

इस मामले में महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। आयोग ने कहा कि वीडियो फुटेज और प्रत्यक्ष साक्ष्य मौजूद होने के बावजूद पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की। महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने पुलिस विभाग की भूमिका पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह सामान्य झगड़े का मामला नहीं था, बल्कि गंभीर आपराधिक कृत्य था। किसी व्यक्ति को जान से मारने जैसी चोट पहुंचाना बड़ा अपराध है और इसमें पुलिस को तुरंत सख्त कदम उठाने चाहिए थे। आयोग ने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है कि इतने ठोस सबूत होने के बावजूद कार्रवाई क्यों टाली गई। महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने कहा कि पीड़ित के मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है और इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है।



डॉक्टरों के अनुसार, पीड़ित को लंबे इलाज और महंगी दवाइयों की जरूरत है। परिवार इस खर्च को वहन करने में असमर्थ है। परिवार का कहना है कि यदि आरोपी के खिलाफ समय पर कार्रवाई की जाती और उचित मुआवजा दिलाया जाता, तो स्थिति अलग हो सकती थी। स्थानीय लोग और सामाजिक संगठन पीड़ित के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद अब परिवार को उम्मीद है कि आयोग के आदेशों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी और उन्हें मुआवजा भी मिलेगा।

मामले में महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग की सख्त टिप्पणी से पुलिस विभाग पर दबाव बढ़ा है। आयोग ने कहा कि ऐसे गंभीर अपराधों में लापरवाही मानवीय और कानूनी जिम्मेदारी दोनों के उल्लंघन के बराबर है। पीड़ित के परिवार और समाज के अन्य लोग न्याय की प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए हैं। महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग के आदेशों के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कितनी सख्त होगी और पीड़ित को राहत और मुआवजा किस समय तक मिलेगा। इस घटना ने मुंबई में सुरक्षा और पुलिस की जवाबदेही को लेकर भी बहस छेड़ दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप आवश्यक है, ताकि पुलिस की निष्क्रियता से पीड़ितों को न्याय से वंचित न होना पड़े।

# मुंबई : डोंगरी इलाके में 26 वर्षीय युवक की बेरहमी से हत्या

**मुंबई :** डोंगरी इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां 26 वर्षीय युवक अराफत मेहबूब खान की पीट-पीटकर और गला घोंटकर हत्या कर दी गई। यह घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। डोंगरी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि डोंगरी इलाके में एक युवक खून से लथपथ और बेहोश हालत में पड़ा है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल को नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि मृतक की गर्दन पर गला घोंटने के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका जताई गई। इसके बाद फोरेंसिक टीम को बुलाया गया, जो घटनास्थल पर साक्ष्य जुटा रही है।




मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि उसके भाई अराफत को अज्ञात लोगों ने बेरहमी से पीटा और गला घोंटकर हत्या कर दी। उसने शक जताया कि यह सुनियोजित वारदात हो सकती है। भाई के बयान के आधार पर डोंगरी पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है

घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में तनाव फैल गया। स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सटीक कारणों का पता चल सके। अधिकारियों का कहना है कि हत्या के पीछे पुरानी रंजिश या लूटपाट की नीयत हो सकती है, लेकिन जांच पूरी होने के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।पुलिस ने इलाके में गश्त बढ़ा दी है और संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है। मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस को पहले से शिकायत मिली थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने इस दावे की जांच का भरोसा दिया है।

# मुंबई : मराठा समुदाय के सदस्य बारिश का सामना करते हुए प्रदर्शन स्थल पर डटे रहे...

**मुंबई :** शुक्रवार सुबह कुछ समय के लिए हुई भारी बारिश के कारण आजाद मैदान और उसके बाहर मराठा आरक्षण आंदोलनकारियों को असुविधा हुई. कार्यकर्ता मनोज जरांगे के आंदोलन के लिए शहर आए कई प्रदर्शनकारी भीगने से बचने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस की ओर भागे. अन्य लोग सीएसएमटी मेट्रो के सबवे के अंदर और पास के बस स्टॉप पर शेड के नीचे खड़े हो गए. बारिश पूर्वाह्न करीब 11:30 बजे शुरू हुई और करीब 10 मिनट तक तेजी से होती रही. हालांकि, मराठा समुदाय के कई सदस्य बारिश का सामना करते हुए प्रदर्शन स्थल पर डटे रहे.



प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर आरोप लगाया

प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि यह जानते हुए भी कि बड़ी संख्या में लोग आजाद मैदान पहुंचेंगे, उन्होंने कोई व्यवस्था नहीं की. भारी बारिश के बाद हल्की बूंदाबांदी होती रही. अधिकारियों ने बताया कि शहर के अन्य हिस्सों में बादल छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई. बृहन्मुंबई नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार सुबह से अगले 24 घंटे के लिए 'शहर और उपनगरों में मध्यम बारिश होने और बादल छाए रहने' का अनुमान जताया है.

**मुंबई और उपनगरों में 24 घंटे में रिकॉर्ड बारिश दर्ज**

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार सुबह आठ बजे से पहले के 24 घंटों में मुंबई में औसतन 20.36 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी और पूर्वी उपनगरों में क्रमशः 17.55 मिलीमीटर और 14.68 मिलीमीटर बारिश हुई. बता दें, महाराष्ट्र के कई हिस्सों में बारिश हो रही है. दक्षिण-पश्चिम मानसून के जोर पकड़ने के बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. बारिश ने शहर की रफ्तार को धीमा कर दिया है. लगातार बारिश के कारण सड़कों पर जलजमाव हो गया है, जिससे यातायात बाधित हुआ है. मौसम विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे समुद्र किनारे न जाएं, क्योंकि समुद्री लहरों की ऊंचाई बढ़ सकती है.

# भिवंडी में नकली 'वाम जीरा' फैक्ट्री का भंडाफोड़ !





**भिवंडी :** ठाणे जिले के भिवंडी शहर में गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए यूपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से महापोली इलाके में नकली 'वाम जीरा' फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से करीब 1.50 लाख नकली बोतलें, बड़ी संख्या में नकली लेबल, पैकेजिंग सामग्री और उत्पादन में लगी मशीने जब्त कर फैक्ट्री को सील कर दिया। इस मामले में फैक्ट्री मालिक शफाहत लियाकत खान पर कॉपीराइट एक्ट समेत भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के के मेरठ जिले की हनी जी फूडीज जोन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने वर्ष 2016 में 'वाम जीरा' नामक पेय बाजार में उतारा था, जो उपभोक्ताओं में बेहद लोकप्रिय है। कंपनी के मालिक अश्विनी जैन ने पुलिस से शिकायत की थी कि बिजनौर जिले के मंडावली थाना क्षेत्र में दुकानों पर नकली बोतलें बेची जा रही हैं।

# मुंबई : कुर्ला में गिरी दीवार महिला की मौत...!



**मुंबई :** मुंबई के शहरी इलाके में लोग मनोज जरांगे पाटिल के मोर्चे से लोग परेशान हुए इस बीच मुंबई में शुरू हुई बारिश ने भी परेशानी बढ़ाई। कुर्ला में दीवार गिरने की घटना घट गई, जिसमे एक महिला की मौत हो गई। जबकि बोरीवली कोरा केंद्र के पास एक रिहायशी इमारत में आग लग गई सदैव से कोई हताहत नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार कुर्ला साकीनाका स्थित ए 1 गुलाब-बाबा सोसाइटी, परेरा वाड़ी के पास सुरक्षा दीवार गिर गई। दीवार गिरने से ग्राउंड +1 मंजिला ढांचे पर मलबा आ गिरा जिसके चलते एक महिला घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने दीवार के मलबे में दबी महिला को पास के निजी एक्स जोन अस्पताल पहुंचाया ले गए, जहां डॉक्टरों ने 45 वर्षीय मंगला गावंकर को मृत घोषित कर दिया।

**बोरीवली में आग**

बोरीवली पश्चिम कोरा केंद्र रोड स्थित दत्तानी टॉवर में आग लगने की घटना घटी। आग को फैलता देख आग को लेवल-1 घोषित किया गया। आग 12 मंजिला आवासीय इमारत की 7वीं मंजिल के रूम नंबर 73 में लगी। आग की चपेट में आने से करीब 1200 वर्ग फुट क्षेत्र में बिजली की वायरिंग, विद्युत उपकरण, लकड़ी का फर्नीचर, घरेलू सामान, विंडो ए.सी. यूनिट, दरवाजे और खिड़कियां पूरी तरह जलकर खाक हो गए। सदैव से आग की घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं। आग पर 3:19 बजे काबू पाया गया।

# मुंबईकरों को जून 2026 में मिलेगी कचरे से बिजली


## रोजाना पैदा होगी 8 मेगावाट बिजली...

**मुंबई :** देवनार डंपिंग ग्राउंड पर फेंके गए कचरे से मुंबईकरों को जून 2026 से बिजली मिलने लगेगी। मनपा को बिजली पैदा करने के लिए लगभग दस साल तक इन्तजार करना पड़ा। मनपा ने कचरे से बिजली पैदा करने का ठेका मनपा ने 2016 में दिया था।



बता दें की केंद्र सरकार के निर्देश और राज्य सरकार की मदद से मुंबई महानगरपालिका कचरे से बिजली बनाने की परियोजना पर काम कर रही है। यह प्रोजेक्ट देवनार डम्पिंग ग्राउंड में शुरू किया गया है। पहले इसे अक्टूबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था लेकिन अब इसकी अंतिम समय-सीमा बढ़ाकर जून 2026 कर दी गई है। चार मेगावाट के बजाय आठ मेगावाट बिजली उत्पादन का प्रस्ताव फिर से केंद्र सरकार को भेजने से बिजली पैदा करने के प्रोजेक्ट में देरी हुई। मुंबई में रोजाना करीब साढ़े छह हजार मीट्रिक टन कचरा तैयार होता है। इसमें से लगभग 600 मीट्रिक टन कचरा प्रतिदिन देवनार डम्पिंग ग्राउंड पर फेंका जाता है। परियोजना के पहले चरण में इसी 600 मीट्रिक टन कचरे से रोजाना चार मेगावाट बिजली उत्पन्न करने की योजना है। भविष्य में 1,800 मीट्रिक टन कचरे का रूपांतरण करके करीब 10 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से कुछ बिजली का उपयोग इसी प्लांट में किया जाएगा। वर्तमान में परियोजना का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है लेकिन बारिश के कारण कार्य रुका हुआ है। सितंबर के बाद काम को गति मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि काम में देरी के कारण यह प्रकल्प अक्टूबर 2025 तक पूरा होना संभव नहीं हुआ। बीएमसी इस प्रोजेक्ट के निर्माण पर 620 करोड़ रुपये खर्च कर रही है वहीं कि अगले 15 साल तक प्रोजेक्ट के मेंटिनेंस पर 400 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# बदलापुर और वसई में टीओडी मीटरों के साथ छेड़छाड़ की दो घटनाएँ, शिकायत दर्ज




**कल्याण :** एमएसईडीसीएल के कल्याण संभाग के बदलापुर और वसई में नए लगाए गए टाइम ऑफ डे (टीओडी) मीटरों के साथ छेड़छाड़ की दो घटनाएँ सामने आई हैं, जिसके बाद बिजली कंपनी ने संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। छेड़छाड़ से बिल बढ़ता है एमएसईडीसीएल राज्य भर में पुराने मीटरों को उन्नत टीओडी मीटरों से बदल रहा है, जो एक संचार पोर्ट के माध्यम से वास्तविक समय में बिजली की खपत दर्ज करते हैं। इस प्रणाली द्वारा उपभोक्ताओं को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच उपयोग की गई बिजली पर 80 पैसे प्रति यूनिट की छूट दिए जाने के बावजूद, कुछ उपयोगकताओं ने कथित तौर पर बिल कम करने के लिए उपकरणों के साथ छेड़छाड़ की।

# टेंपो की चपेट में आकर 3 साल की बच्ची की मौत




**मुंबई :** घाटकोपर इलाके से गुरुवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई. नारायण नगर क्षेत्र में खेल रही महज तीन साल की बच्ची टेंपो की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. घटना से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और गम का माहौल है.

ऑटो के नीचे आई बच्ची, हुई मौत न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक घटना दोपहर के समय हुई जब बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी. अचानक वहां से गुजर रहे एक टेंपो का अगला पहिया बच्ची के ऊपर चढ़ गया. हादसे के बाद बच्ची को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com